**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 26.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों के लिये नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये। श्री मोदी इस अवसर पर वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित लोगों को संबोधित भी किया। इस मौके पर उन्होंने देश के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

*********************

प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप 15वां रोजगार मेला राजधानी रांची समेत देश के 47 स्थानों पर आयोजित किया गया। रांची स्थित सीसीएल दरभंगा हाउस में आयोजित कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। इस दौरान केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के लिए चयनित दो सौ साठ अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। मौके पर श्री सेठ ने कहा कि नौकरी पाने वाले अभ्यर्थियों का लक्ष्य सिर्फ नौकरी करना नहीं बल्कि, राष्ट्र प्रथम की भावना होनी चाहिए।

*********************

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की घटना को लेकर झारखंड एटीएस की टीम ने आज धनबाद के वासेपुर, पांडरपाला, आज़ाद नगर, अमन सोसाइटी और भूली के ए ब्लाक में छापेमारी की। इस दौरान एक महिला समेत चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। एटीएस ने इन ठिकानों से लैपटाप, स्मार्टफोन, डायरी और कई अन्य सामान भी जब्त किए हैं। मामला जिहादी विचारधारा फैलाने समेत अन्य देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने से जुड़ा है।

*********************

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद झारखंड समेत देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी कड़ी में आज सिमडेगा और हजारीबाग समेत कई जिलों में आतंकी हमले के विरोध में व्यापारियों ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। हजारीबाग के व्यापारियों ने बताया कि जरूरत पड़ने पर वे लम्बे समय के लिए भी अपना प्रतिष्ठान बंद रख कर आतंकी हमले का विरोध करेंगे।

*********************

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बांग्लादेशी घुसपैठ पर चिंता जताते हुए इसे आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया है। श्री मरांडी ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिये संताल परगना से बाहर अब कोल्हान में भी तेजी से बसते जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट बैंक और सत्ता की लालच में झामुमो–कांग्रेस ने झारखंड को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है। श्री मरांडी ने कहा कि घुसपैठ के खिलाफ भाजपा निर्णायक लड़ाई जारी रखेगी, ताकि झारखंड की संस्कृति और परंपराओं की रक्षा हो सके।

*********************

कभी फरमाइसी गीतों के लिए मशहूर कोडरमा का झुमरी तिलैया अब ओटीटी प्लेटफार्म पर भी अपनी पहचान बनाता दिख रहा है। स्थानीय कलाकारों की एक टीम ने बॉलीवुड के सितारों के साथ मिलकर एक फिल्म बनायी है, जिसे विभिन्न ओटीटी प्लेटफार्म पर रीलिज किया गया है। इस फिल्म को सबसे कम बजट में बनायी जानेवाली फिल्म की श्रेणी में अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से भी नवाजा गया है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

**********************

पलामू जिले को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने पहल की है। जिले के उपायुक्त ने सिविल सर्जन को छह सामुदायिक केन्द्रों में कुपोषण उपचार केन्द्र खोलने का निर्देश दिया है।

**********समाप्त************